प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को बताया एकता का महायज्ञ : कहा–महाकुंभ ने भारतीय संस्कृति और विरासत को मजबूत और समृद्ध बनाए रखने की रखी मजबूत नींव ।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज महाकुंभ के समापन पर स्वास्थ्य व स्वच्छताकर्मियों समेत नाविकों औऱ बस परिचालकों से किया संवाद : स्वच्छता और स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हज़ार रुपए का अतिरिक्त बोनस देने का किया एलान।
3. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज प्रयागराज जंक्शन का किया दौरा : कहा– रेलवे ने 16 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन कर महाकुंभ में निभाई अहम भूमिका।

और

4. प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में बारिश से गिरा तापमान : मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए जारी किया बारिश का यलो अलर्ट।

————————

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता की सराहना

करते हुए कहा कि यह सफल आयोजन नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री ने कहा की भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा की इस महाकुंभ में कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ, जो आने वाली कई–कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। श्री मोदी के शब्दों में प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे और अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया और डुबकी लगाई। उन्होंने कहा की आध्यात्मिक क्षेत्र में शोध करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे गरीब या संपन्न, बाल हो या वृद्ध, देश से आया हो या विदेश से आया हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। श्री मोदी ने कहा की एक भारत–श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास का साक्षात्कार का महापर्व बन गया। दिवाकर के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के समापन के अवसर पर आज प्रयागराज पहुंचकर आयोजन से जुड़े स्वच्छता, स्वास्थ्य और पुलिसकर्मियों सहित नाविकों, बस परिचालकों और मीडिया कर्मियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुंभ को सफल बनाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर श्री योगी ने महाकुम्भ में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे स्वच्छता और

स्वास्थ्यकर्मियों के काम की सराहना करते हुए उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से 10 हजार रुपए का अतिरिक्त बोनस प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही मिनिमम वेज ना पाने वाले स्वच्छता और स्वास्थ्यकर्मियों को 16 हजार रुपए प्रतिमाह देने की भी घोषणा की। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इन सभी लागों को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख के स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने का एलान भी किया। बाइट.....

*हम लोग अभी एक व्यवस्था करने जा रहे हैं। अब तक जो स्वच्छता कर्मी कार्य करते थे, महीने भर कार्य करते थे। आठ हजार, नौ हजार, दस हजार, ग्यारह हजार रुपये तक मात्र पाते थे। अब हम लोग आगे अप्रैल से हमारा एक कॉर्पोरेशन बनने जा रहा है जिसके माध्यम से हम व्यवस्था करने जा रहे हैं कि जो भी स्वच्छता कर्मी अब काम करेगा कम से कम उसको 16 हजार रूपये हर महीने उसके खाते में हम लोग देने का काम करेंगे। और मिनिमम वेजेस केवल सफाई कर्मियों को ही नहीं उन स्वास्थ्य कर्मियों को भी जिन्हें पूरा वेज नहीं मिल पाता था, उन सबको भी हम इसके साथ जोड़ने जा रहे हैं।*

मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में रोडवेज की बसों का संचालन करने वाले चालकों के लिए भी 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनस का ऐलान किया। श्री योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री कोष से योजना के तहत नाविकों को नाव उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए हर नाविक का पंजीकरण होगा और उन्हें 5 लाख का सुरक्षा बीमा और 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा भी मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम

भावना से जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम अच्छे ही होते हैं। बाइट.....

*टीम भावना से जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं जैसे प्रयागराज महाकुंभ के आज हम सबके सामने है नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आस्था और आर्थिकी का एक नया। आधार देकर के प्रयागराज मेला प्राधिकरण प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों ने साबित कर दिया कि थोड़ा भी राजनीतिक इच्छा शक्ति हो और उनको सही सपोर्ट हो तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से तीन वर्ल्ड रिकॉड्र्स बनाने का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉड्र्स में एक साथ एक ही समय में सर्वाधिक लोगों द्वारा नदी की सफाई करने, सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाने और 8 घंटे तक हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल है।

————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा है कि मुंबई में 1 से 4 मई तक आयोजित होने वाला विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लोगों को एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने आज बेंगलुरु में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स–एवीजीसी सेक्टर के लिए जीएएफएक्स कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री जाजू ने कहा कि शिखर सम्मेलन कंटेंट क्रिएटर्स और

प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को एक साथ आने और देश में एवीजीसी क्षेत्र के विकास के अवसर सृजित करेगा।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज प्रयागराज जंक्शन पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात की और महाकुंभ के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाने के लिए उनका आभार जताया। इस दौरान उन्होंने रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस मौके पर श्री वैष्णव कहा कि महाकुंभ के लिए रेलवे ने 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया, जिनमें लगभग 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस महाआयोजन में सभी विभागों का पूरा सहयोग रहा। बाइट.....

*बहुत ही क्लोज कॉर्डिनेशन रहा राज्य की पुलिस के साथ, आरपीएफ का, जीआरपी का और जो रैपिड एक्शन फोर्स वगैरह जो लगी सबका क्लोज कॉर्डिनेशन रहा। रेलवे के सभी विभागों का बहुत अच्छा क्लोज कॉर्डिनेशन रहा। इस पूरे महाआयोजन 45 दिनों में सब जगह श्रद्धालुओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा उनको ये मार्ग दर्शन दिया कि इसको आप क्राउड की तरह न समझे, श्रद्धालुओं की श्रद्धा को समझे।*

————————

लखनऊ के अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कल अप्रेंटिसशिप के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खान ने बताया कि यह भर्ती 400 पदां के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें चयनित लोगों को प्रतिमाह करीब चौदह हज़ार रुपए वेतन मिलेगा। इस अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पास हाई स्कूल के सर्टिफिकेट के साथ आईटीआई का डिप्लोमा होना आवश्यक है। आवेदनकर्ता की आयु 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

————————

नोएडा में आज फिल्म सिटी बनान के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के प्रतिनिधि ने यमुना अथॉरिटी पहुंच कर ज़मीन का पज़ेशन ले लिया है। यमुना अथॉरिटी के अधिकारियों ने उन्हें एक पत्र सौंपा, जिसमें इंटरनेशनल फिल्म सिटी के लिए भौतिक कब्जे की पुष्टि की गई। इस दौरान बोनी कपूर ने कहा कि यहां पर विश्व

स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं मिल रही है, जिससे विश्वस्तरीय फिल्म बन सकेंगी। फिल्म सिटी का निर्माण 1 हजार एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। पहले चरण में 230 एकड़ में निर्माण कार्य शुरू होगा।

———————

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज सुबह से रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। सहारनपुर, शामली, अमरोहा और हापुड़ में बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले 24 घंटों में प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है।

बाइट......

*आज कल परसों तीन दिन थोड़ा सा मौसम में गड़बड़ होगा तो आज जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगह गरज चमक के साथ हल्की बारिश होगी और कल थोड़ा इंटेंसिटी ज्यादा रहेगा। गरज चमक के साथ कल भी बारिश होगा। कुछ जगह तेज हवाओं का भी चलन हो सकता है और जैसे कुछ स्मॉल अमाउंट में ओले पड़ने की भी सम्भावना वेस्टर्न यूपी में और अगर हम अपने सेंट्रल पार्ट और ईस्टर्न पार्ट की बात करे तो वहाँ जो हमारा तराई बेल्ट है वहाँ पर गरज चमक के साथ हल्की बूंदा बूंदी के आसार है।*

———————

लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 3 से 10 मार्च के बीच महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले खेले जाएंगे। 3 मार्च को यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स की टीमें इकाना स्टेडियम में आमने सामने

होंगी। मैच से पहले अभ्यास के लिए यू पी वॉरियर्स की टीम आज लखनऊ पहुंची। कल से यह टीम अभ्यास शुरू करेगी। वहीं गुजरात जायंट्स की टीम एक मार्च से अभ्यास करेगी।

(समाप्त)